भाजन

गौरवशाली परंपरा का 80 वर्ष

पटना, रविवार, २५ अक्तूबर, २०२६ सौर ७ कार्तिक सं. २०८३ वि० | वाराणसी, गोरखपुर, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, आगरा, बरेली, पटना(कोलकाता संस्करण), रांची (धनबाद संस्करण) तथा जमशेदपुर से प्रकाशित | ☆☆ | नगर संस्करण १२ पृष्ठ मूल्य दो रुपये पचास पैसा



अभिषेक शर्मा

टी-20 के पावरप्ले में सौ छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज



जाह्नवी कपूर

बढ़ गया वजन, 'कॉफी विद करण 9' में खुलासा

औद्योगिक विकास की रफ्तार होगी तेज : सम्राट

■ कई देशों के राजनयिक और देश-विदेश के निवेशक हुए शामिल

- डा. केके मिश्र-

बोधगया। आजादीके 80 वर्षों तक हम बैठे नहीं थे बेसिक नीड पर कार्य कर रहे थे गांव में पानी बिजली स्वास्थ्य सुविधा भोजन कैसे पहुंच जाए इस पर काम कर रहे थे। इसमें लंबा समय लगा बिहार का यह मगध धरती है, जिसने भारत को सोने का चिड़िया दिया राजा कर्ण भी यही हुए

रोजगार के खुलेंगे नये द्वार

और सिद्धार्थ भी बुद्धि यही बने बिहार की भूमि समृद्धि इतिहास से भरी पड़ी है। उक्त बातें सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बोधगया में आयोजित बोधगया इंडस्ट्रियल समिट बिहार बिजनेस कनेक्टके उद्घाटन समारोह में ग्लोबल निवेशकों को कही। उन्होंने ग्लोबल निवेशकों के सामने औद्योगिक विकास की नई रफ्तारकी रोड मैप प्रस्तुत की। कहा कि बिहा. रमें औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार के नए अवसर पैदा करने की दिशा में राज्य सरकार ने अपनी



तैयारियां तेज कर दी हैं।

कार्यक्रम में देश-विदेश के उद्योग. पतियों और निवेशकों ने हिस्सा लिया।बिहार में निवेशकी संभावनाओं,औद्योगिक आधारभूत संरचना के विकास और उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जापान,थाईलैंड और लाओस के राजनयिक प्रति. निधियों के साथ केंद्र और राज्य सरकार के कई मंत्री,जनप्रतिनिधि तथा उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधि भी शामिल हुए। सरकार का उद्देश्य बिहार को निवेश के नए केंद्र के रूप में विक. सित करना और राज्य में औद्योगिक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

12 कंपनियों से एमओयू

बोधगया (आससे)। बिहारमें औद्योगिक विकास और निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में उद्योग विभाग की ओर से बिहार इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग सिटी गया लिमिटेड के लोगो एवं वेब पोर्टल का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए कहा कि बिहार उद्योगों की स्थापना और निवेशके लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रहा है। सरकार का लक्ष्य राज्य में औद्योगिक गति. विधियोंका विस्तार कर युवाओंके लिए रोजगारके नए अवसर सृजित करना है। कार्यक्रम में 12 औद्योगिक इकाइयोंके साथ कुल 4,092 करोड़ रूपयेके निवेश प्रस्तावों से संबंधित समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इनमें मिंट लाइफ

(शेष पृष्ठ ९ पर)

अनंत और उनकी पत्नी नीलम देवी जदयू से 6 साल के लिए निष्कासित

-निज प्रतिनिधि-

पटना। बिहार प्रदेश जनता दल ने पार्टी के निर्देशों की लगातार अवहेलना करने, शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ अमर्यादित और अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने तथा हाल ही में संपन्न हुए विधान परिषद चुनाव में पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार के विरुद्ध कार्य करने के कारण मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत कुमार सिंह पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के हस्ताक्षर से जारी कार्यालय आदेश के तहत अनंत कुमार सिंह की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए उन्हें अगले 6 वर्षों के लिए जनता दल (यूनाइटेड) से निष्कासित कर दिया गया है।पार्टी द्वारा केवल निष्कासन की



कार्रवाई ही नहीं की गई है, बल्कि इसके साथ ही पार्टी ने अध्यक्ष, बिहार विधानसभा से भारतीय संविधान की दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत अनंत कुमार सिंह की

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जेडीयू बाढ़ जिला अध्यक्ष पदमुक्त, जिला इकाई भंग

पटना (आससे)। जनता दल यूनाइटेड बाहुबली विधायक के प्रभाव वाले पूरे इलाके की सफाई में जुट गई है। जेडीयू ने अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम सिंह को पार्टी से बाहर निकालने के बाद संगठनात्मक जिला बाढ़ की पूरी इकाई को भंग कर दिया है। बाढ़ के जेडीयू जिलाध्यक्ष मयंक राज को भी पद से हटाया गया है, जो केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के करीबी माने जाते हैं। अनंत सिंह का मोकामा और बाढ़ के दियारा इलाके में काफी दबदबा माना जाता है। इस इलाके में अब नए सिरे से संगठनात्मक नियुक्तियां की जाएंगी। अनंत सिंह को बिहार विधान परिषद

(शेष पृष्ठ ९ पर)

विप चुनाव के फाइनल डेटा में 10% बढ़ा मतदान

पटना(आससे)। बिहार विधान परिषद की स्नातक और शिक्षक कोटे की 8 सीटों पर हुए चुनाव में मतदान



के अंतिम आंकड़ों ने सबको चौंका दिया है। शुक्रवार शाम चार बजे तक जारी आंकड़ों के मुकाबले अंतिम वोटिंग प्रतिशत में स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में करीब 10 प्रतिशत और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सबसे ज्यादा बदलाव पटना स्नातक सीट पर में देखने को मिला, जहां मतदान का आंकड़ा करीब 21 प्रतिशत बढ़ गया।

ग्रेजुएट सीट पर पटना में मतदान प्रतिशत करीब 21 प्रतिशत, तिरहुत में 6 प्रतिशत, दरभंगा में 14 प्रतिशत, और कोसी में 2 फीसदी बढ़ा है। अंतिम आंकड़ों के मुताबिक, पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 57.56 प्रतिशत, तिरहुत में 48.51 प्रतिशत, दरभंगा में 54.73 प्रतिशत और कोसी में 54.73 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। चारों स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों में कुल मतदान 53.42 प्रतिशत रहा। वहीं, शाम चार बजे तक जारी आंकड़ों में पटना स्नातक सीट पर 36.19 प्रतिशत, तिरहुत में 42.15 प्रतिशत, दरभंगा में 42 प्रतिशत और कोसी में 52.51 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था। इस लिहाज से पटना में शुरुआती और अंतिम आंकड़ों के बीच सबसे बड़ा अंतर सामने आया है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में भी शाम 4 बजे तक के आंकड़ों के मुकाबले अंतिम मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई है। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में करीब 18 प्रतिशत, सारण में 2, तिरहुत में 4 और दभंगा में 6 प्रतिशत की वृद्धि

(शेष पृष्ठ ९ पर)

पांच संवेदकों पर 73.33 लाख जुर्माना

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में सरकारी स्कूल भवनों एवं छात्रावासों के निर्माण में लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर कार्रवाई शुरू हो गयी है। पांच संवेदकों पर 73.33 लाख का जुर्माना लगा है, जबकि कई संवेदक अयोग्य घोषित किये गये हैं। इसके साथ ही वर्षों से लंबित कार्यों के एकरारनामे रद्द होंगे। सरकारी स्कूलों और छात्रावासों के निर्माण में देरी तथा लापरवाही बरतने वाले संवेदकों पर शिक्षा विभाग और बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम (बीएसईआईडीसी) ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। निर्धारित समय में काम पूरा नहीं करने और परियोजनाओं को लंबे समय तक अधूरा छोड़ने के मामले में कई संवेदकों को अयोग्य किया गया है। कई अन्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कुछ निर्माण कार्यों के एकरारनामे रद्द करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है। इसके अलावा, पांच संवेदकों पर कुल 73.33 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया है। एक अन्य मामले में कार्यादेश रद्द कर जमानत राशि भी जब्त की गई है। विभागीय स्तर पर की गई समीक्षा में नवादा, नालंदा, किशनगंज, मधेपुरा और गयाजी समेत कई जिलों में प्लस टू विद्यालयों और छात्रावासों के निर्माण कार्यों में काफी शिथिलता

(शेष पृष्ठ ९ पर)

कई अयोग्य घोषित रद्द होंगे वर्षों से लंबित कार्यों के एकरारनामे



मैट्रिक-इंटर के रजिस्ट्रेशन की तिथि बढ़ी

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। राज्य में इंटरमीडिएट एवं मैट्रिक वार्षिक परीक्षा, 2028 के लिए रजिस्ट्रेशन की तिथि छह नवंबर तक बढ़ा दी गयी है। वर्ष 2028 की वार्षिक परीक्षा के लिए शिक्षण संस्थानों द्वारा विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन करने हेतु निर्धारित तिथि शनिवार तक थी, जिसका विस्तार अब 25 अक्तूबर से छह नवंबर तक किया गया है। शिक्षण संस्थानों के प्रधान वेबसाइट के माध्यम

(शेष पृष्ठ ९ पर)

यहां भी पढ़ें

website :-
www.ajhindidaily.com
For e-Paper
www.ajhindidaily.com
नि:शुल्क ई-पेपर सब्सक्राइव करें

4 करोड़ के स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

मोतिहारी (आससे)। भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र रक्सौल में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। रक्सौल थाना पुलिस, स्ज्ञस्त्र मोतिहारी और प्रखंड कृषि पदाधिकारी की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब चार करोड़ रुपये मूल्य के 1.806 किलोग्राम स्मैक जैसे मादक पदार्थ के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान एक स्कॉर्पियो एन वाहन, दो मोबाइल फोन और सोने जैसी धातु का एक लॉकेट भी बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में रक्सौल थाना कांड संख्या 477/26 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर 2026 की शाम गश्ती के दौरान सूचना मिली कि सफेद रंग की स्कॉर्पियो एन गाड़ी से भारी मात्रा में स्मैक जैसा मादक पदार्थ



सुगौली की ओर से लक्ष्मीपुर चेक पोस्ट होते हुए रक्सौल ले जाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, रक्सौल मनीष आनंद के नेतृत्व में संयुक्त छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह दंडाधिकारी गौतम कुमार, रक्सौल थाना के पुलिस पदाधिकारी तथा स्ज्ञस्त्र मोतिहारी के सदस्य शामिल थे। संयुक्त टीम ने लक्ष्मीपुर चेक पोस्ट के पास कार्रवाई करते हुए संदिग्ध स्कॉर्पियो एन वाहन की तलाशी ली। वाहन की तलाशी के दौरान पुलिस टीम को 1.806 किलोग्राम स्मैक जैसा मादक

(शेष पृष्ठ ९ पर)

नवादा के वेलकम शॉपिंग मॉल में लगी भीषण आग

नवादा (आससे)। नवादा के पकरीबरामा इलाके में स्थित वेलकम शॉपिंग मॉल में भीषण आग लगने से लाखों के सामान जल कर खाक हो गये। आग लगने के बाद आसपास अफरा-तफरी मच गई।

बताया जा रहा है कि यह मॉल फारूक आजम का है। मॉल के ऊपर कुछ मकानों का निर्माण कार्य भी चल रहा था। आग लगने की घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आग की लपटें देखकर लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। घटना के बाद आसपास

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में 27 से आंधी चलने भारी बारिश, बिजली गिरने का अलर्ट

पटना(आससे)। बिहार में अगले सप्ताह 6 दिनों तक मौसम खराब रहने की आशंका है। बंगाल की खाड़ी में उठ रहे चक्रवाती तूफान के प्रभाव से बिहार के कई जिलों में 27 अक्टूबर से आंधी, बारिश की गतिविधियां शुरू होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी कर दी है। इस दौरान



50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चलने और खराब मौसम में कई जगहों पर आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। पटना स्थित

(शेष पृष्ठ ९ पर)

बिहार में ट्रेनों की तरह ट्रैक होंगी सरकारी बसें

पटना(आससे)। राज्य के बस यात्रियों को जल्द ही नई सुविधा मिलने जा रही है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) जल्द ही वेयर इज माई बस एप लॉन्च करने जा रहा है।

इसकी मोबाइल एप की मदद से घर बैठे टिकट की तो बुकिंग होगी ही, ट्रेनों की तरह बसों की भी लाइव लोकेशन देखी जा सकेगी। इससे यात्रियों को बस स्टाप पर घंटों इंतजार नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा बसों में लगे जीपीएस के जरिए संभव होगी। इसके साथ ही रूट और किराए की जानकारी भी एक क्लिक पर मिलेगी।

विभागीय जानकारी के अनुसार, दूसरे राज्यों के लिए सरकारी बस का टिकट भी इस मोबाइल एप से बुक हो सकेगा। इस पर नगर सेवा, अंतरजिला

(शेष पृष्ठ ९ पर)

जोड़ों एवं लिगामेंट के दर्द : कारण एवं उपचार : डा. अरविंद प्रसाद गुप्ता



डा. अरविंद प्रसाद गुप्ता

एमबीबीएस (बीएचयू), एमएस ऑर्थोपेडिक (बीएचयू) एमआरसीएस (यूके), डीआईपीएस आईसीओटी (बेल्जियम) एल्कस सीनियर रेसिडेंट (सफरदगंज हॉस्पीटल, नयी दिल्ली) ज्वाइंट रिप्लेसमेंट एंड ऑर्थोस्कोपी फेलो (जर्मनी) नी एंड शोल्डर फेलो (यूएसए) शिकागो ऑर्थोस्कोपी फेलो (साउथ अफ्रीका) जेआरए फेलोशिप (कैलिफोर्निया), यू.एस. ऑर्थोस्कोपी, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट विशेषज्ञ डायरेक्टर, लिंगामेंट ज्वाइंट एंड ऑर्थोराइटिस क्लीनिक, जगदेव पथ, पटना एवं चीफ कंस्ल्टेंट (ऑर्थोपेडिक्स) पारस हॉस्पीटल

घुटने के दर्द को नजरअंदाज ना करें

घुटने का दर्द का कारण -

डा. गुप्ता बताते हैं कि घुटने के दर्द के कई कारण हैं लेकिन सबसे Common कारण अर्थराइटिस है। विशेषकर 40 वर्ष के अधिक आयु वर्ग वाले लोगों में देखा जाता है। अर्थराइटिस से ग्रसित लोगों में जोड़ो में सूजन, दर्द, जोड़ो का जाम होना आदि पाया जाता है। लोग चलने फिरने में असमर्थ हो जाते हैं।

अर्थराइटिस के कारण -


जोड़ों के बीच के कार्टिलेज के घिस जाने से जोड़ों के दोनों हड्डियों के बीच रगड़ पैदा होती है जिससे जोड़ों में दर्द एवं सूजन आ जाता है।

घुटने के अर्थराइटिस के उपचार -

घुटने के Condition एवं Severity पर आधारित है। प्रायः शुरुआती दौर में इसका इलाज दवा एवं फिजियोथेरापी से संभव है। दवा, दर्द एवं सूजन को कम करता है और फिजियोथेरापी मांशपेशी को मजबूत बनाता है। जाम हुए घुटने को फ्री करता है। अगर इन सब से आराम नहीं होता है तो डाक्टर Total Knee Replacement (TKR) की सलाह बुजुर्गों में और HTO आस्टीयोटोमी की सलाह व्यस्कों में देते हैं।

TKR (Total Knee Replacement) क्या है।

Total Knee Replacement में खराब हुए घुटने के हिस्से को आर्टिफिशियल मेटल ज्वाइंट से बदल दिया जाता है जिसके बाद मरीज बहुत जल्दी आराम से चलना शुरू कर देता है। इसका Sucess Rate 90-95% है।



प्र. लिंगामेंट (Ligament) क्या है और इसकी सर्जरी कैसे होती है?

उत्तर : दो हड्डियों के आपस में जोड़नेवाली संरचना को लिगामेंट कहते हैं इस प्रकार भी इंजरी प्रायः खेल के दौरान चोट लगने (Sports Injury) से होता है परंतु यह सड़क दुर्घटना या सीढ़ी से फिसलकर गिरने एवं अन्य प्रकार के चोट लगने से भी हो सकता है।

लिगामेंट की सर्जरी ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन) विधि से सरलतापूर्वक किया जाता है जिसमें मरीज की रिकवरी जल्द होती है और वह कम समय में ही चलना-फिरना आरंभ कर देता है।

पता : 915, पिलर नं-11, जगदेव पथ मोड़, बेली रोड, पटना
संपर्क : 8298253880/6200549779/7870048487